भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1659
08.12.2021 को उत्तर देने के लिए

एमपीलैड योजना के अंतर्गत निधि

1659. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास एमपीलैड योजना के अंतर्गत आबंटित धनराशि को बढ़ाने की कोई योजना/प्रस्ताव है क्योंकि इसे अंतिम बार दस साल पहले संशोधित किया गया था;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र के लिए कम से कम 2 करोड़ रुपए आबंटित करेगी; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क) सरकार के पास एमपीलैड योजना के अंतर्गत आबंटित की गई निधियों को बढ़ाने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।
(ख), (ग) और (घ) उपरोक्त (क) में दिए गए उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता है।

*****